NO FIRE, NO SMOKE
GLOBAL STATE OF TOBACCO
HARM REDUCTION

2018

# कोई आग नहीं, कोई धुआं नहीं: तंबाकू से होने वाली हानि में गिरावट की 2018 में वैश्विक स्थिति

## सार–संक्षेप

# सार–संक्षेप

# कोई आग नहीं, कोई धुआं नहीं: तंबाकू से होने वाली हानि में गिरावट की 2018 में वैश्विक स्थिति

**GSTHR** रिपोर्ट पहली बार निकोटिन उत्पादों की वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय उपलब्धता और सुरक्षित उपयोग, इन उत्पादों के लिए नियामक प्रतिक्रियाएँ और तम्बाकू से होने वाली हानि में गिरावट की सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षमता का आरेखन है।

प्रत्येक छह सेकेंड में धूम्रपान करने वाली बीमारी से कोई न कोई व्यक्ति मरता है और इस समस्या के और खराब होने की संभावना है; अमीर देशों में धूम्रपान में धीरे–धीरे कमी हो रही है जबकि गरीब देशों में धूम्रपान बढ़ रहा है। तंबाकू नियंत्रण के मौजूदा साधन अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। यद्यपि कई लोग स्वयं या औषधीय उत्पादों की सहायता से धूम्रपान छोड़ देते हैं, परन्तु कई असफल भी हो जाते हैं। 'छोड़ें या मरें' अब उन लोगों के लिए एकमात्र विकल्प नहीं है जो छोड़ नहीं सकते हैं। सुरक्षित निकोटीन उत्पाद एक और तरीका प्रदान करते हैं। कई अंतर्राष्ट्रीय एवं स्वतंत्र प्रमाण उपलब्ध हैं जो प्रमाणित करते हैं कि ये उत्पाद सिगरेट की तुलना में अधिक सुरक्षित हैं। इन संभावित जीवन रक्षा उत्पादों से सार्वजनिक स्वास्थ्य में वैश्विक क्रांति हो सकती है।

## वैश्विक धूम्रपान महामारी

- अधिकतर लोग दहनशील तंबाकू उत्पादों के अन्य रूपों का उपयोग न करके सिगरेट पीते हैं
- तंबाकू सिगरेट निकोटिन लेने का सबसे खतरनाक तरीका है
- तंबाकू का दहन एक समस्या है – दहन अत्यधिक खतरनाक विषाक्त पदार्थों को छोड़ता है
- लोग निकोटिन के लिए धूम्रपान करते हैं लेकिन टार और गैसों से मर जाते हैं
- गैर–संक्रामक बीमारियों से होने वाली मृत्यु में धूम्रपान एक प्रमुख योगदानकर्ता है
- गरीब धूम्रपान से सर्वाधिक पीड़ित हैं और गरीब देश प्रभावी तंबाकू–नियंत्रण लागू करने में सबसे कम सक्षम हैं
- कई लोग अपने आप या कई लोग औषधीय उत्पादों की सहायता से धूम्रपान छोड़ देते हैं, पर कई असफल रह जाते हैं
- उच्च आय वाले देशों में धूम्रपान प्रसार में भारी गिरावट पहले ही आ चुकी है, और अब उसमें स्थिरता देखी जा रही है, जबकि कई गरीब देशों में धूम्रपान बढ़ रहा है
- तंबाकू नियंत्रण के मौजूदा उपाय लोगों को तंबाकू धूम्रपान से मुक्त होने के लिए पर्याप्त नहीं है

## सुरक्षित निकोटिन उत्पाद और तंबाकू से होने वाले कम से कम नुकसान

- सुरक्षित निकोटिन उत्पाद (SNP) दहनशील तंबाकू उत्पादों की तुलना में कम जोखिम के साथ निकोटिन प्रदान करते हैं – 'कोई आग नहीं, कोई धुआं नहीं'
- अंतर्राष्ट्रीय तथ्य बताते हैं कि ये उत्पाद सिगरेट पीने वालों, उनके परिवारों तथा आसपास के लोगों के लिए ज्यादा सुरक्षित हैं
- निकोटिन लेने के सुरक्षित तरीकों का प्रावधान लोगों को निकोटिन का उपयोग करते हुए भी धूम्रपान से होने वाले स्वास्थ्य के जोखिमों से बचने का अवसर देता है

- 'छोड़ें या मरे' अब उन लोगों के लिए एकमात्र विकल्प नहीं है जो निकोटिन छोड़ नहीं सकते हैं। SNP ई – सिगरेट सहित, 'जलन–रहित–गर्म' उत्पाद और स्वीडेन का 'स्नुस' एक और तरीका प्रदान करते हैं – 'छोड़ें या कोशिश करें'
- SNP के उपयोग में तेजी से वृद्धि स्वास्थकर्मियों या सरकारी विरोध के बावजूद उपभोक्ता की मांग से प्रेरित होती है
- असंगत वैज्ञानिक निष्कर्ष, भ्रामक सार्वजनिक सूचना और सनसनीखेज मीडिया रिपोर्टिंग उपभोक्ताओं, राजनेताओं और आम जनता के बीच SNP के प्रयोग संबंधी संदेह को पैदा करते हैं
- इन उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने, या उन्हें अत्यधिक नियन या उच्च कराधान के अधीन करने से इन जीवन रक्षक उत्पादों की पहुँच को कम कर देगा
- SNP न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य में वैश्विक क्रांति को प्रभावित कर सकता है बल्कि सरकारों को यह बिना किसी भुगतान प्राप्त होती है

## प्रमुख आंकड़े

### धूम्रपान

- प्रत्येक छह सेकेंड में एक व्यक्ति धूम्रपान से संबंधित बीमारी से मर जाता है
- धूम्रपान करने वालों में से आधे धूम्रपान से संबंधित बीमारी से समय से पहले मर जाएंगे
- हर साल धूम्रपान से संबंधित बीमारी से 60 लाख (6 million) से अधिक लोग मर जाते हैं
- मलेरिया, एच.आई.वी. और तपेदिक से कुल मरने वालों की तुलना में सिगरेट के धूम्रपान से अधिक लोग मर जाते हैं
- WHO का अनुमान है कि सदी के अंत तक 100 करोड़ (1 billion) लोगों को धूम्रपान से संबंधित बीमारी का सामना करना पड़ेगा
- WHO द्वारा स्वास्थ्य–रक्षा और उत्पादकता–हानि के मामले में धूम्रपान से संबंधित बीमारियों के कारण होने वाली वैश्विक वार्षिक हानि का अनुमान 1 लाख करोड़ अमेरिकी डालर (US $ 1 trillion) लगाया जाता है

### सुरक्षित निकोटिन उत्पाद

- सिगरेट धूम्रपान की तुलना में ई–सिगरेट के 95 प्रतिशत सुरक्षित होने का अनुमान है
- स्नुस को श्वास द्वारा नहीं लिया जाता है, इसलिए श्वसन रोग का कोई खतरा नहीं होता है जो सभी धूम्रपान–संबंधी मौतों में से आधे का कारण होता है; और आसपास खड़े व्यक्तियों के लिए भी कोई जोखिम नहीं होता। समय से पूर्व मौतों, मधुमेह, अग्नाशय और मुँह के कैंसर, हृदय रोग या स्ट्रोक के साथ इसका कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं है
- यह अनुमान लगाया गया है कि 2121 तक 5.5 करोड़ (55 million) से अधिक लोग ई–सिगरेट या जलन–रहित–गर्म तंबाकू उत्पादों का उपयोग करेंगे और वैश्विक बाजार 3,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर (US $ 35 billion) का होगा
- जापान में जलन–रहित–गर्म उत्पादों के उपयोग से सिगरेट की बिक्री में दो साल में 27 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो धूम्रपान दर में एक अभूतपूर्व राष्ट्रीय गिरावट है
- स्वीडन में स्नुस के कारण धूम्रपान संबंधी मृत्युदर में गिरावट आयी है जो यूरोपियन संघ में सर्वाधिक है
- यदि स्नुस पर यूरोपियन संघ का प्रतिबंध हटा दिया जाए, तो यूरोपीय संघ में लगभग 320,000 समय से पूर्व होने वाली मौतों को रोका जा सकता है
- चूंकि नार्वेजियन धूम्रपान करने वालों ने स्नुस को स्वीकार किया है, इसलिए युवा नार्वेजियन महिलाओं के बीच धूम्रपान की दर 1 प्रतिशत पर पहुँच गयी है जो विश्व रिकार्ड है
- ब्रिटेन के 30 लाख (3 million) ई–सिगरेट उपयोगकर्ताओं में से 50 प्रतिशत से अधिक पुराने धूम्रपान करने वाले हैं
- 39 देशों ने SNP पर अनुचित प्रतिबंध लगा दिया है जिससे उन देशों में धूम्रपान के प्रसार की भविष्यवाणी की जा रही है
- 61 देश ई–सिगरेट को तंबाकू संबंधी कानूनी प्रावधानों से नियंत्रित कर रहे हैं

# रिपोर्ट–मुख्य प्रकरण:

**GSTHR** रिपोर्ट 'कम से कम नुकसान' के सिद्धांत पर आधारित है। 'कम से कम नुकसान' स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने से सम्बन्धित उन केंद्रित नीतियों, विनियमों और कार्यों को संदर्भित करता है, जो आमतौर पर खतरनाक उत्पादों को सुरक्षित रूप प्रदान करके या उत्पादों या व्यवहार पर प्रतिबंध लगाने की बजाय कम जोखिम भरे व्यवहार को प्रोत्साहित करते हैं। 'कम से कम नुकसान' एक स्वीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीति हैं।

तंबाकू से 'कम से कम नुकसान' सामान्य जीवन में कैसे काम करती है? यह SNP के प्रावधान के माध्यम से काम करता है जिससे लोगों को सिगरेट के धुएं में पाए जाने वाले कैंसर कारक रसायनों को सांस में लिए बिना निकोटिन का उपभोग करने में मदद मिलती है। नए उत्पादों में ई–सिगरेट शामिल हैं जो पहली बार 2000 के दशक के मध्य में दिखलाई दिया। हाल ही में जलन–रहित–गर्म उपकरणों को विकसित किया गया है जो निकोटिन देने के लिए बिना जलाये तंबाकू को गर्म करके काम करते हैं, लेकिन विषाक्त पदार्थों के स्तर को काफी कम रखते हैं। धुएं रहित स्वीडिश स्नुस लगभग 200 वर्षों से प्रचलन में है परन्तु  तंबाकू द्वारा होने वाले 'कम से कम नुकसान' वाले उत्पादों के नये साक्ष्य के बाद इसके प्रयोग में नवजागरण आ रहा है।

**SNP** और स्वास्थ्य:

स्वतंत्र राष्ट्रीय वैज्ञानिक, नैदानिक और संसदीय समीक्षाओं ने निष्कर्ष निकाला है कि:

- ऐसी कोई स्थिति नहीं है जिसमें SNP के उपयोग करने की तुलना में धूम्रपान करना अधिक सुरक्षित हो
- जोखिम की श्रृंखला में, सिगरेट उच्चतम जोखिम तथा गैर–दहनशील उत्पाद न्यूनतम जोखिम प्रदान करता है
- धूम्रपान को छोड़ ई–सिगरेट को अपनाने वाले लोग स्वास्थ्य में सुधार को अनुभव कर सकते हैं
- ई–सिगरेट का प्रयोग करने से लोगों को धूम्रपान छोड़ने में मदद मिल सकती है
- अभी तक ई–सिगरेट या स्नुस का लंबे समय तक प्रयोग करने से प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव की कोई जानकारी नहीं है
- यद्यपि युवा लोग ई–सिगरेट के प्रयोग के प्रति आकर्षित होंगे, इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इससे सिगरेट धूम्रपान की आदत पड़ती है। युवा लोगों के बीच धूम्रपान की दर गिर रही है
- ई–सिगरेट के प्रयोग से आसपास के लोगों पर प्रतिकूल प्रभावों का कोई सबूत नहीं है–इसलिए आसपास के लोगों को कोई जोखिम नहीं है
- निकोटिन का उपयोग करने से अब तक किसी लघु या दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव का ज्ञान नहीं है जिसका अर्थ यह है कि निकोटिन पर 'निर्भर' होने से स्वास्थ्य जोखिम नहीं है

'कम से कम नुकसान' स्वास्थ्य और सुरक्षा से अधिक महत्वपूर्ण है – इसका एक महत्वपूर्ण मानवाधिकार पक्ष है। विश्व स्वास्थ्य संगठन संविधान 1946 की प्रस्तावना में कहा गया है कि ''स्वास्थ्य के उच्चतम प्राप्य मानक का आनंद हर व्यक्ति के लिए जाति, धर्म, राजनीतिक विश्वास, आर्थिक या सामाजिक स्थिति के भेदभाव के बिना मौलिक अधिकारों में से एक है।'' इसमें धूम्रपान करने वाले और उन सूचनाएँ, सेवाओं, और उत्पादों को प्राप्त करने का उनका अधिकार शामिल है जो इस उद्देश्य को प्राप्त करने में उनकी सहायता कर सकते हैं।

धूम्रपान करने वालों को 'कम से कम नुकसान' वाले उत्पादों तक पहुँच से रोका नहीं जाना चाहिए जो उन्हें बीमारी से और धूम्रपान से समय से पहले होने वाली मौत से बचाने में मदद करेंगे। यह 'तंबाकू नियंत्रण फ्रेमवर्क कन्वेंशन' 2005 से मान्यता प्राप्त है, जिसमें कहा गया है कि 'कम से कम नुकसान' तंबाकू नियंत्रण की परिभाषित रणनीतियों में से एक है: ''आपूर्ति, मांग और 'कम से कम नुकसान' रणनीतियों की एक श्रृंखला है जिसका उद्देश्य तंबाकू उत्पादों की खपत को समाप्त करने या कम करने तथा तंबाकू के धुएं के संपर्क से बचाा कर आबादी के स्वास्थ्य में सुधार करना है।''

SNP के उपभोक्ता: कुछ वर्षों में कई देशों में नए SNP के उपयोग में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जबकि स्वीडन और नॉर्वे दोनों में स्नुस ने अपेक्षाकृत कम समय में धूम्रपान की आदत को बदल दिया है। जापान में 'जलन–रहित–गर्म' उत्पादों की वृद्धि से सिगरेट की बिक्री में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गयी है। इससे यह संकेत मिलता है कि यदि वे उपलब्ध हैं और धूम्रपान करने वालों के लिए आकर्षक और उपयुक्त विकल्प हैं तो कई धूम्रपान करने वाले सिगरेट की जगह इसका चुनाव करेंगे।

एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या SNP का उपयोग धूम्रपान को कम करता है और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करता है। अब तक का सबसे मजबूत साक्ष्य स्वीडन से आता है जहाँ स्नुस की वृद्धि और धूम्रपान में कमी ने इस देश को यूरोप में सबसे कम धूम्रपान जनित मृत्युदर दी है।

SNP की वृद्धि ज्यादातर बिना सरकार, तंबाकू नियंत्रण और सार्वजनिक स्वास्थ्य समर्थन के हुआ है। ये सामान्य उपभोक्ता हैं जिनके माध्यम से SNP में रुचि बढ़ी है और जो उन लोगों को मदद और सलाह देने में सक्रिय रहे हैं जो धूम्रपान को छोड़ना चाहते हैं।

## नियम और नियंत्रण

नए SNP का आगमन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तंबाकू नियंत्रण की चुनौतियों को प्रस्तुत करता है। एक उपभोक्ता संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और नयूजीलैंड में ई–सिगरेट के माध्यम से निकोटीन का मुक्त रूप से प्रयोग कर सकता है, लेकिन थाईलैंड और ऑस्ट्रेलिया में उसे जुर्माना या कारावास का सामना करना पड़ता है।

विधायक और राजनेता भी स्वास्थ्यकर्मियों या सामान्य उपभोक्ता के जैसे ही विरोधाभासी शोध निष्कर्षों अथवा 'कम से कम नुकसान' विरोधी संगठनों और सनसनीखेज मीडिया रिपोर्टिंग के कार्यों से भ्रमित होते हैं।

कानून का उपयोग करके SNP तक पहुँच को मना करना या रोकना, परिपक्व और स्वतन्त्र साक्ष्यों को नकारने जैसा है जो विरोधाभासी रूप से सिगरेट (जो दुनियाभर में स्वतंत्र रूप से उपलब्ध हैं) के उपयोग को बढ़ाते हैं और तंबाकू कंपनियों के लिए निरंतर मुनाफा सुनिश्चित करते हैं।

उपयुक्त नियमों को उपभोक्ता की सुरक्षा और आत्मविश्वास को सुनिश्चित करना चाहिए, नये उत्पाद के प्रयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए, और सिगरेट की तुलना में SNP के उपयोग का पक्षधर होना चाहिए।

'कम से कम नुकसान' परक दृष्टि: हमारा ध्येय है लक्ष्य पर निरंतर दृष्टि – तंबाकू प्रयोग की समाप्ति – न कि ऐसे कठोर नियम बनाना जो सुरक्षित उत्पादों तक पहुँच को रोकने का कारण बने। SNP इस आधुनिक समय का सबसे क्रान्तिकारी स्वास्थ्यलाभ का माध्यम होने में सक्षम है। जबकि अधिकांश वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधार बड़ी वित्तीय लागत में आते हैं, इस रणनीति में सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और गैर सरकारी संगठनों का कुछ भी खर्च नहीं होता।

कोई आग नहीं, कोई धुआं नहीं: तंबाकू से होने वाली हानि में गिरावट की 2018 में वैश्विक स्थिति

हैरी शैपिरो द्वारा लिखित और संपादित। नॉलेज–एक्शन–चेंज, 8 नॉर्थम्बरलैंड एवेन्यू, लंदन, WC2N 5BY द्वारा प्रकाशित

© नॉलेज–एक्शन–चेंज 2018

पूरी रिपोर्ट (पीडीएफ) यहाँ उपलब्ध है – www.gsthr.org

देश की प्रोफाइलें यहाँ उपलब्ध है– www.gsthr.org

पूरी रिपोर्ट की हार्ड कॉपी प्राप्त करने के लिए यहाँ जाएं– www.gsthr.org/webcontactform

यह सारांश विभिन्न भाषाओं में यहाँ उपलब्ध है– www.gsthr.org/translations

कोई आग नहीं, कोई धुआं नहीं की अवधारणा, डिजाइन, विश्लेषण और लेखन : तंबाकू से होने वाली हानि में कमी 2018 नॉलेज–एक्शन–चेंज द्वारा किया गया था और फाउंडेशन फॉर स्मोक–फ्री वर्ल्ड के अनुदान द्वारा पूरी तरह से समर्थित था। फाउंडेशन ने रिपोर्ट में सामग्री, विश्लेषण, या निष्कर्षों को निर्धारित करने में कोई भूमिका नहीं निभाई है औरा प्रारंभिक अवधारणा चरण में केवल प्रस्तुत किया गया है।

1 Oct 2018 – Sum – HIN